22/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि पिछले बारह वर्षों में हुए बदलावों ने शासन और प्रशासन के प्रति लोगों के विश्वास को मजबूत करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि इन परिवर्तनों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने यह बात केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखे गए एक लेख को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही सुशासन की सबसे बड़ी पूंजी है। श्री गोयल के लेख में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बारह वर्षों के दौरान सुशासन, जनकल्याण तथा गरीबों के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की यात्रा को रेखांकित किया गया है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज राज्य के लोक निर्माण, गृह, राजनीतिक, सीमा मामले, सूचना एवं जनसंपर्क तथा बागवानी विभागों की वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्य निर्धारित किए।

बैठक में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए अभियान को और तेज करने, अरुणाचल फिल्म नीति के निर्माण एवं क्रियान्वयन तथा ऑर्किड और कीवी मिशन के अंतर्गत पायलट परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि आगामी वर्ष के लिए परिणामोन्मुख और केंद्रित प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं जलापूर्ति, शिक्षा, उद्योग सहित कई अन्य विभागों के साथ भी लक्ष्य निर्धारण और प्रदर्शन समीक्षा बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

0000000000000000000000000

परिवहन राज्य मंत्री ओजिङ तासिङ ने आज अरुणाचल प्रदेश राज्य परिवहन सेवाओं - APSTS की एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभाग के जनरल मैनेजर मितो दिरची, वरिष्ठ अधिकारियों तथा मैसर्स ताई मोटर्स, मैसर्स फोर्स आबो तानी मोटर्स और मैसर्स अशोक लेलैंड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कई महत्वपूर्ण परिचालन और प्रशासनिक विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें अधिकृत डीलर्स द्वारा मरम्मत किए गए वाहनों की शीघ्र आपूर्ति, मार्ग-विशिष्ट आधार पर बसों की तैनाती, विभिन्न जिलों में कर्मचारियों की तैनाती, टायर एवं स्पेयर पार्ट्स की समय पर उपलब्धता तथा लंबे समय से लंबित प्रशासनिक बाधाओं का समाधान शामिल था।

बैठक में कार्यकुशलता बढ़ाने, सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने तथा अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए निर्बाध और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन सेवाएँ सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

0000000000000000000000000

तवाङ DDSE ह्दार फुंत्सोक ने आज ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (अकादमिक) थुप्तेन वांगचू तथा CRCC बोंगखार दोर्जी नोरबू के साथ सरकारी माध्यमिक विद्यालय सेरू और बोम्बा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की, मिड-डे मील का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में चल रहे आधारभूत संरचना एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का आकलन भी किया। छात्रों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करने के लिए अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ दोपहर का भोजन भी किया।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के दो ज़िलों तवाङ और शी-योमी को छोड़ अन्य सभी ज़िलों के लिए येलो अलर्ट साथ ही पापुम पारे, ईस्ट सियाङ और लोअर दिबाङ वैली के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000

फीफा विश्‍वकप-2026 में आज ग्रुप जे में अर्जेंटीना का मुकाबला ऑस्ट्रिया से होगा। मैच रात साढ़े दस बजे से शुरू होगा। मिस्र ने आज सुबह वैंकूवर में न्‍यूजीलैंड पर विश्‍वकप में 3-1 से अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप-सी में पहले स्‍थान पर पहुंच गया है। इससे पहले फ्लोरिडा में आज ग्रुप-एच में केप वर्डे और उरुग्‍वे के बीच मैच 2-2 की बराबरी पर रहा। ग्रुप-जी के मुकाबले में कल रात कैलिफॉर्निया में ईरान और बेल्जियम के बीच खेला गया मैच बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। इससे पहले अटलांटा में ग्रुप-एच के मुकाबले में स्‍पेन ने सऊदी अरब पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करके अगले दौर में अपनी जगह पक्‍की की।

0000000000000000000000000

आधार ऐप ने इस वर्ष जनवरी में लॉन्‍च होने के बाद से तीन करोड़ दस लाख से अधिक डाउनलोड का आंकड़ा पार कर लिया है। इलेक्‍ट्रॉनिक्‍स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि ऐप को तेजी से अपनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि लोग अपनी सेवाओं को आसानी से उपलब्‍ध कराने वाले इस ऐप पर भरोसा जता रहे हैं। लगभग चालीस लाख लोगों ने इस ऐप के माध्‍यम से अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं, जबकि करीब आठ लाख पचास हजार लोगों ने अपना पता अपडेट करने के लिए इसका उपयोग किया है। ऐप में एक क्लिक से आधार लॉक या अनलॉक करने, उपस्थिति प्रमाण के लिए फेस

वेरिफिकेशन, प्रमाणीकरण इतिहास देखने तथा पारंपरिक विजिटिंग कार्ड के स्थान पर संपर्क साझा करने के लिए QR आधारित संपादन योग्य कॉन्टैक्ट कार्ड जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।

0000000000000000000000000